## सर्पदंश से होटल संचालक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत महेशपुर चौक में सोमवार को होटल में काम करने के दौरान होटल के मालिक की सांप के डसने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिमरिया निवासी कपिल देव यादव (उम्र 35 वर्ष, पिता स्वर्गीय शंभू नाथ यादव) का महेशपुर चौक पर होटल है। सोमवार को दिन में होटल के अंदर स्थित एक कमरे से कुछ सामान निकालने के दौरान कमरे में पहले से मौजूद एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। इसके बाद तुरंत लोगों की सहायता से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## किशोरी ने की आत्महत्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया डैम बड़की धमराय में 15 वर्षीया किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी की पहचान काजल कुमारी (उम्र 15 वर्ष, पिता प्रकाश प्रसाद) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार को परिजनों ने किशोरी को घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया। जिसके बाद तुरंत उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। किशोरी ने किन कारणों से आत्महत्या किया है परिजनों को इसकी जानकारी नहीं है। इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल लाया। सोमवार को पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा थाना क्षेत्र के जामुखाडी में सोमवार अहले सुबह पिकअप वाहन के चपेट में आये बाइक सवार की मौत हो गयी। मृतक की पहचान झुमरी तिलैया के इंद्रपुरी मुहल्ला निवासी पवन कुमार (उम्र 22 पिता रोहित दास) के रूप में हुई है। वही इस घटना में एक युवक रौशन कुमार (उम्र 28 वर्ष, पिता गणेश राम) घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 7 युवक 3 बाइक से जामुखाडी की ओर से तिलैया के तरफ जा रहे थे, उसी ओर जा रही पिकअप वाहन ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया जिससे मौके पर उसकी मौत हो गयी। वही पिकअप वाहन फरार हो गया।

## मदनगुंडी टोल प्लाजा संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी टोल प्लाजा के समीप सोमवार को मदनगुंडी टोल प्लाजा संघर्ष मोर्चा की एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संयोजक कृष्णा कुमार यादव, सदस्य राम कुमार, अरमान खान, राजू यादव, पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, लीलावती देवी, प्रमुख मंजू देवी, अशोक सिंह, उमेश पासवान, रामदेव यादव, मोहम्मद अनवर, उमाशंकर रविदास, काली यादव, नवीन पांडेय, मोहम्मद कयूम को बनाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मदनगुंडी टोल प्लाजा 60 किलोमीटर की कम दूरी पर बना है। इसको लेकर एएनएचआई व हजारीबाग कोडरमा सांसद से मिलकर बात को रखा जाएगा। मौके पर कृष्ण कुमार यादव, अशोक सिंह, राजू यादव, नवीन पांडेय, मो अनवर, राजेंद्र चौधरी, वीरेंद्र यादव, विनोद सिन्हा, लक्ष्मण पंडित, संजय कुमार यादव, देवनारायण शर्मा, राम प्रसाद यादव, पिंटू कुमार साव, सुखदेव साव, वासुदेव राणा, सुरेश यादव, सैयद इबरार, राजेंद्र चौधरी, किशोर कुमार, चंदन कुमार समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अमित कुमार सिंह को आइपीएस बनने पर दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के एसडीपीओ अमित कुमार सिंह को झारखंड सरकार के द्वारा आईपीएस में प्रोन्नति दी गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार शाम को अमित कुमार सिंह आईपीएस की बैच लगाकर सम्मानित किया। अमित कुमार सिंह तृतीय जेपीएससी 2010 की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर डीएसपी बने थे। बड़कागांव के एसडीपीओ अमित कुमार सिंह को आइपीएस बनाएये जाने पर बड़कागांव जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुये बधाई दिया है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,पूर्व जिप उपाध्यक्ष संजीव बेदिया, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह थाना प्रभारी विनोद तिर्की डाड़ीकला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी पश्चिमी जिप सदस्य यासमीन निशा पूर्वी जिप सदस्य गीता देवी, भाजपा जिला पिछड़ी मोर्चा के उपाध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो, उप प्रमुख वचन देव कुमार, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, सिविल सोसाइटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया पूजा कुमारी गणेश साहू, मोहम्मद तकरी मुल्लाह खान, कविता देवी, कॉन्ग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, चंदनपुरी, दीपक दास, गीता देवी, बेबी देवी के अलावा दर्जनों लोग शामिल हैं।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवम सड़क सुरक्षा मानकों के पालन के लिए समिति में शामिल विभिन्न विभागों के द्वारा उठाये गए कदमों के संदर्भ में समीक्षा की गयी। सड़क सुरक्षा और दुर्घटना प्रभावित व्यक्ति तत्काल समुचित इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित 108 एंबुलेंस की सेवा को तत्पर और सुलभ बनाने सहित रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम स्तर पर लाने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही 108 एंबुलेंस सेवा का व्यापक एवं प्रभावी प्रचार प्रसार के लिए राजमार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर डिस्प्ले बोर्ड की संख्या बढ़ाने एवं आकर को बड़ा करने का निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिया। पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि मोटर वाहन एक्ट के तहत ओवर स्पीड, ड्रिंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर कार्रवाई करने और अनुज्ञप्ति रद्द करने के लिए ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया। यातायात व्यवस्था के सुगमता के लिए समय समय पर शहरी, भीड़भाड़ इलाकों में अभियान चलाने का निर्देश दिया। स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग को समन्वय बनाकर लक्षित विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश सड़क सुरक्षा टीम को दिया। कोल माइनिंग कंपनी के द्वारा परिवहन में प्रयुक्त मशीनरी व वाहनों का बीमा, फिटनेस, पीयूसी, टैक्स अप टू डेट करने सहित खान, सड़क परिवहन में सुरक्षात्मक मानकों के कड़ाई से पालन कराने के लिए परिवहन अधिकारी व एमवीआई को निर्देशित किया।

## तीसरी सोमवारी पर जलाभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** बोल बम, हर-हर हमादेव, बोल बम का नारा है, भोला एक सहारा है,शंकर भगवान की जय आदि जय घोषों से पूरा वातावरण भक्ति मय रहा। सावन की पहली व दूसरी सोमवारी की तरह तीसरी सोमवारी को लेकर प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। प्रखंड का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कर्मा बाबा धाम, मां चंचलनी धाम, मरकच्चो का सबसे पुराना मंदिर लाल नगर स्थित शिवालय, कोटवार मोहल्ला, बड़ा अखाड़ा, कुम्हरटोली, थाना परिसर, प्रखंड मुख्यालय परिसर, श्रीनगर स्थित शिवालय, कन्हैया नगर, पांडेडीह, पपलो, दशारो, दरदाही, जामु, नावाडीह 1 स्थित शिवालयों आदि शिव मंदिरों में काफी भीड़ रही। ऐसा माना जाता है कि सावन माह में भोले शंकर पर जलाभिषेक करने से मन की मुरादे पूर्ण होती है।

## कोडरमा में ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने दिया धरना

# सरकार को गुमराह कर रहे हैं अफसर: बंधु तिर्की

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के तत्वावधान में समाहरणालय में धरना दिया गया, जिसमें हजारों की संख्या में जंगली इलाके से आए ग्रामीण महिला और पुरुष शामिल हुए। धरना के पहले एक रैली भी निकाली गयी। धरना को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि अधिकारी राज्य सरकार को गुमराह कर रहे हैं। रैयती जमीन पर अगर ढिबरा है और उसको चुनकर बेचा जा रहा है, तो इस पर कार्रवाई होती है यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि यह चुनावी सभा नहीं है। यह लड़ाई आने वाले दिन में लोगों की जीविका, उनकी जिंदगी, उनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई से जुड़ी हुई है। यहां के लोगों के वजूद का सवाल है और ढिबरा चुनने पर रोक लगाया जाता है तो यह उनके साथ अन्याय होगा। तिर्की ने कहा कि एक महीने का समय दिया गया है, 23 अगस्त अंतिम दिन है और अगर इस पर जिला प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला तो 24 अगस्त को सड़क जाम करेंगे। वही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि इस पूरे मामले से राज्य सरकार को अवगत करायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये सहयोग नहीं किया गया तो 24 अगस्त को संघ और कांग्रेस के सहयोग से सड़क जाम होगा। उन्होंने जिला प्रशासन के रवैया की जमकर आलोचना की। सभा को कांग्रेस नेता शहजादा अनवर समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। वही सभा का संचालन ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर लोगों ने नारे लगाये और कहा कि जो हमसे टकरायेगा चूर चूर हो जायेगा।






### इधर चल रहा था धरना, उधर हो रही थी छापेमारी

कोडरमा में जहां ढिबरा चुनने और बेचने पर जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्रवाई के विरोध में धरना प्रदर्शन चल रहा था, उसी समय झुमरीतिलैया में बड़े माईका गोदाम में छापेमारी भी की गई। बताया जाता है कि अवैध ढिबरा जमा करने की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन की टीम ने सीएच रोड स्थित एक माईका कारोबारी के गोदाम में छापेमारी की। इस दौरान वहां भारी मात्रा में ढिबरा और माईका बरामद किया गया।

## ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के बगोदर-हजारीबाग एनएच 522 के भेलवारा में सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मनोज रजवार के 7 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना सड़क पार करने के दौरान घटी। बताया गया है कि मृतक के साथ उसकी मां अपने मायके अचलजामो से अपनी ससुराल भेलवारा लौट रही थी। विष्णुगढ़ सातमील मोड़ से बेटे आर्यन के साथ ऑटो पर सवार होकर चली थी। भेलवारा में ऑटो से उतरने के बाद आर्यन सड़क पार कर रहा था। इस बीच हजारीबाग की ओर से आ रहे ट्रक (सीजी 04 एम एल 4769) के पहिये के नीचे वह आ गया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। बीडीओ संजय कुमार कोंगाडी और थाना प्रभारी राम नारायण सिंह के समझाने के बाद जाम हटा लिया गया। फौरी राहत के लिए दोनों अधिकारियों ने मृतक की मां को पांच हजार रुपये दिये। पिता आंशिक रूप से दिव्यांग है। दो दिन पहले ही वह मुंबई गया है। वह वहां बावर्ची का काम करता है।

## कार ने ट्रेलर को मारी टक्कर

**पुलिस ने कार में मादक पदार्थ सहित कार को किया जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो हजारीबाग रोड के एनएच 33 सड़क पर एक डस्टर कार ने एक अज्ञात ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसे कार के आगे की हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हजारीबाग की ओर से आ रही कार ने उसी दिशा से आ रहा एक अज्ञात ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके बाद कार के अगले हिस्सा ट्रेलर के पिछले हिस्सा में फंस कर करीब 100 फीट की दूरी तक सड़क पर घसिटता चला गया। ट्रेलर को रुकते ही कार के चालक सुरक्षित भाग खड़ा हुआ। मौजूद लोगों ने जब कार के पास पहुंचा तो देखा कि कार में मादक पदार्थ का कई बड़ा पैकेट रखा है। घटना स्थल पर पर बरही पुलिस पहुंचकर कार समेत मादक पदार्थ को अपने कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार से दस पैकेट गांजा बरामद किया गया है। प्रत्येक पैकेट में एक किलोग्राम के लगभग गांजा है।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम को लेकर कटकमदाग थाने में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता कटकमदाग अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह ने किया। उपस्थित लोगों ने अपनी समस्या को रखते हुए कहा की त्योहार के समय बिजली कटौती कम किया जाय। साथ ही हाइवा का परिचालन नवमी, दशमी के दीन बंद किया जाये। अंचलाधिकारी ने कहा की डीजे बजाने पर पुर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही लाठी में आग लगाकर जो करतब दिखाया जाता है उसपर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी शालिनी खलको ने कहा की मोहर्रम का त्योहार हम सभी को मिलकर सौहार्दपुर्ण माहौल तथा दूसरों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए मनाना है। इंस्पेक्टर उत्तम तिवारी ने भी लोगों से आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी डीके प्रजापति ने कहा की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबधित जगहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी।

## थाना प्रभारी के खिलाफ निकाला प्रतिवाद मार्च




आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** थाना प्रभारी के तानाशाही और गुंडागर्दी रवैया के खिलाफ सोमवार को संयुक्त विपक्षी मोर्चा के बैनर तले जयनगर थाना गेट से पेठियाबागी बाजार तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च में लोगों ने थाना प्रभारी भगाओ, जयनगर बचाओ, थाना प्रभारी मुदार्बाद, थाना प्रभारी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, थाना प्रभारी सरकारी संपत्ति को नष्ट करना बंद करो, थाना प्रभारी के आतंक से जयनगर बचाओ के नारे लगाए। प्रतिवाद मार्च पेठियाबागी बाजार पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपीएम नेता रमेश प्रजापति, संचालन आम आदमी पार्टी कोडरमा जिला अध्यक्ष दामोदर यादव ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि थाना प्रभारी जयनगर लोगों पर बहुत ही जुल्म ढा रहा है, थाना प्रभारी एक सरकारी गुंडा के रूप में काम कर रहा है। थाना प्रभारी क्षेत्र के पत्रकार, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और महिलाओं पर भी अत्याचार कर रहा है। वक्ताओं ने कहा कि जयनगर की धरती वीरों की धरती है, क्रांतिकारियों की धरती है, यहां तेरी मनमानी नहीं चलेगी। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता सीपीआई नेता जिला परिषद सदस्य महादेव राम, भारतीय नौजवान सभा के अध्यक्ष उदय द्विवेदी, आम आदमी पार्टी बरकट्ठा विधानसभा अध्यक्ष महेश कुमार यादव, जिला सचिव माले नेता राजेंद्र मेहता, अशोक यादव, पुरुषोत्तम यादव, राजु पासवान, शिवनाथ यादव, परमेश्वर यादव, किशुन साव, राजेंद्र भूंईया, जालिम भूंईया, संजय वर्मा, महेश साव, अजित, अरुण, राजु, सुरेश सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मां चंपेश्वरी की महिमा निराली, दर्शन मात्र से ही सभी मनोकामनाएं होती हैं पूरी

## दूरदराज से आते हैं लोग माता के दरबार में हाजिरी लगाने

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से लगभग 17 किलोमीटर दूरी पर स्थित इचाक प्रखंड के चंपानगर नावाडीह गांव में स्थित माता चंपेश्वरी का मंदिर है। ऐसा मान्यता है की मात्र माता के दर्शन से भक्तों की सारी मनोकामना पूरी हो जाती है। इस मंदिर से लोगों की वर्षो पुरानी आस्था जुड़ी है। यही कारण है कि यहां दूरदराज से लोग माता के दरबार में हाजिरी लगाने और मत्था टेकने स्परिवार आते हैं। स्थानीय लोग बताते हैं की मां चंपेश्वरी मंदिर का निर्माण महाभारत काल में राजा हंशध्वज के द्वारा किया गया था। इस मंदिर में वैष्णवी माता अष्टभुजी की प्रतिमा स्थापित है। लोग बताते हैं की माता मंदिर के पुजारी हरी मिश्रा ने कठिन साधना और तपस्या से सिद्धि प्राप्त की थी उन्हें माता का साक्षात दर्शन प्राप्त हुआ था। 1986 में वैष्णवी माता की प्रतिमा चोरों के द्वारा चोरी कर ली गयी थी, जो आज तक नहीं मिल पायी। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर निर्माण के समय दीवार लगाया जा रहा था उस समय गर्भ गृह में माता के असंख्य प्रतिभायें उत्पन्न हुयी थी। वही प्रतिमाएं बाद में चोरी कर ली गयी। वहीं चोरों द्वारा शेष प्रतिमाओं को भी खंडित करने का असफल प्रयास किया गया। द्वापर युग में जब राजा युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ किया था, तो यज्ञ का अश्व हंसदध्यज राजा के राज्य में भी आया था। जिसका पद चिन्ह आज भी मंदिर के बगल में स्थित पत्थरों पर उकेरा हुआ है, जिसे घोड़टप्पा के नाम से आज भी जाना जाता है। कई बार ग्रामीणों ने इस मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित कर कायाकल्प और पर्यटकों के लिए विकसित करने का सरकार से आग्रह किया है, ताकि ऐसे ऐतिहासिक धरोहरों को संजो कर रखा जा सके। साथ ही राज्य सरकार के पर्यटन विभाग को इसे ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल करने की बात कहीं गयी थी। अगर इस मंदिर क्षेत्र को पर्यटन विभाग विकसित करें तो निश्चित रूप से यह पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। जिससे लोगों को रोजगार और सरकार को रेवेन्यू भी मिलेगी।





## झरपो में सावन की तीसरी सोमवारी को सैकड़ों लोगों ने किया जलाभिषेक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो में उषा रानी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं झरपो देवी मंडप में पूजा अर्चना कर, मैया दुर्गा की भजन कीर्तन कर अपने-अपने हाथ में कलश लेकर ॐ नमः शिवाय और बोलबंब की जयकारे के साथ झरपो क्षेत्र का भ्रमण करते हुये करीझरनाचट्टान धाम पहुंची वहां से जल उठाकर झरपो स्थित दक्षिण टोला शिव मंदिर में भगवान भोले को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। अपने परिवार के लिए सुखसमृद्ध की कामना भोलेनाथ से की इस अवसर पर उषा रानी सुनीता देवी, बेबीदेवी, कांति देवी, सविता देवी, लक्ष्मी देवी, बबिता देवी, अरुण शर्मा, कांति देवी, यशोदा देवी, पुनिया देवी, सहित सैकड़ों महिलाएं पूजा में हुई शामिल।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू थाना के प्रांगण में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी इंद्रदेव रजवार जिसका। मुख्य अतिथि चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार संबंधित करते हुये कहा कि तमाम उपस्तिथि गणमान्य लोगो ने अपने व्यक्तत्वों में कहा चुरचू थाना क्षेत्र में तमाम पर्व शांति सदभाव के साथ मनाते हुए आ रहे, यह एक मिशाल है मैं अपील करता हूं कि इसी तरह के रिश्ता आगे भी बना रहे। युवा वर्ग सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करते हैं। इससे समाज में द्वेष पेदा होता है अभिभावकों से अपील है इन विषयों पर सचेत रहने की आवश्यकता है। थाना प्रभारी इंद्रदेव रजवार ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ हुड दंगियो पर विशेष नजर रहेगी। पूर्व से निर्धारित रास्ते हो कर शांतिपूर्ण ढंग से अखाड़ा निकाला जायेगा। लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देने के साथ किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर प्रशासन को सूचित करने की अपील की गयी।

## दारू प्रखंड क्षेत्र में जारी है हाथी का आतंक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र के मेरु, हुटपा, तरवा-खरवा क्षेत्र में आतंक मचाने के बाद रविवार की रात्रि को झुंड से बिछड़ा यह हाथी दारू प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश कर गया। यहां पर हाथी ने कबलासी पंचायत के देवरिया, पुनाइ पंचायत के पुनाइटांड आदि क्षेत्रों में जमकर उत्पात मचाया। पुनाइटांड में हाथी ने आरती देवी का मकान तोड़कर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया वहीं दर्जनों किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया। ग्रामीण किसान रात भर हाथी को भगाने का प्रयास करते रहे बड़ी मशक्कत के बाद हाथी बगल के जंगल में प्रवेश कर गया। वहीं वन विभाग भी हाथी के पीछे लगातार लगा हुआ है' सोमवार को यह हाथीदारू प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश से पूर्व पास के तरवा खरवा के जंगल में एक तालाब में घंटों नहाते हुए अटखेलियां करते नजर आया।

## ओल्ड एज होम में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला संयुक्त औषधालय आयुष भवन सदर अस्पताल कैंपस हजारीबाग के द्वारा वृद्धाआश्रम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग रांची के ज्ञापांक संख्या- 2130/(आयुष) के आदेशानुसार राज्य के सभी सुदूर गांव और वृद्धा आश्रम में आयुष स्वास्थ्य शिविर लगाना है। जिला संयुक्त विद्यालय हजारीबाग के ज्ञापांक संख्या- (169) में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों और योग शिक्षकों का प्रतिनियुक्ति सप्ताह में एक दिन किया गया है, जिसमे सुबह नौ बजे से योग शिक्षक के साथ वृद्धा आश्रम पहुंचकर सभी लोगो को एक घंटे योगा करवाना है, उसके बाद उन सभी बायो वृद्ध महिला पुरुष का आयुष चिकित्सक के द्वारा उनका स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच करना है। शिविर में बीस वृद्ध महिला पुरुष का हुआ शारीरिक जांच शिविर में प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी के निगरानी में जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार शाही के द्वारा वृद्धा आश्रम में शिविर लगाकर होमियोपैथिक दवा का वितरण किया गया। साथ ही बीपी, शुगर की भी जांच की गयी।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव/हजारीबाग रोड के लिखलाही घाटी के पास स्कूटी समेत सवार 2 लोग लगभग 10 फीट गड्ढे में गिर गये। जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कूटी चालक 35 वर्षीय सुनील उरांव, पिता महेंद्र उरांव ग्राम बिसुनपुर जिला गुमला निवासी, दूसरा घायल 32 वर्षीय चंदर नायक है। बताया जाता है कि दोनों बड़कागांव टीपी 5 के पास कंपनी के लिए काम करते हैं। दोनों फतहा बाजार से आ रहे थे की लिखलाही घाटी मोड के पास स्कूटी एक्सीडेंट हो गया और एक बड़े पत्थर से टकराते हुए दोनों युवक लगभग 10 फीट गड्ढे में नीचे जा गिरे। घटना की जानकारी पत्रकारों को थाना प्रभारी विनोद तिर्की को दी। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुये पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा। दोनों घायलों को इलाज के लिए बड़कागांव हॉस्पिटल लाया गया। दोनों की स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जिसमें चंदर नायक की स्थिति नाजुक बताई जा रही थी। बताते चलें कि लिखलाही घाटी मोड़ के पास हमेशा दुर्घटनायें होती रही हैं। अब तक दर्जन भर से अधिक की दुर्घटना हो चुकी है। प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## बरकट्ठा में आइसीटी प्रशिक्षण का शुभारंभ



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत स्थित कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में 10 दिवसीय आइसीटी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ विद्यालय प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा चलाइ जा रही है जिसमें प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक को प्रशिक्षित किया जाना है। प्रशिक्षण उद्देश्य गरीब बच्चे जो निजी विद्यालय में नहीं पढ़ पाते हैं उन बच्चे को कंप्यूटर की शिक्षा दिलाना और बाकी सभी विषयों की कंप्यूटर द्वारा शिक्षा दिलाना। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि आज के समय मे सभी शिक्षक को अपने विषय के साथ साथ कंप्यूटर की भी जानकारी रखना बहुत जरूरी है क्योंकि आने वाला समय में प्रखंड के सभी विद्यालय में ICT Lab और स्मार्ट क्लास चलाई जायेगी अभी लगभग 20 विद्यालय में चल रही है। इस अवसर पर प्रशिक्षक उमाशंकर प्रसाद और जय प्रकाश मंडल, रामकृष्ण पाण्डेय, प्रशिक्षु युगल ठाकुर, निरंजन प्रसाद, संतोष कुमार मंडल, जय प्रकाश प्रसाद , सहदेव नायक, मनोज कुमार, कलावती कुमारी अजय कुमार इत्यादि शामिल है।

## छिनतई के दो आरोपियों को भेजा जेल





**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया पुलिस ने छिनतई के दो आरोपी को पकड़कर सोमवार को कोडरमा जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए आरोपियों में सागर सिंह पिता स्व सतीश सिंह और नीरज बर्मा पिता स्वर्गीय दिलीप बर्मा गुमो निवासी बताया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के गुमो सतपुलिया के निकट पिछले दिनों मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने अगवा कर मारपीट और छीनतई के मामले को लेकर चंदवारा के ढाब निवासी धीरेंद्र कुमार ने तिलैया पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 25 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


## सुल्तानगंज का गंगाजल लेकर लोहरदगा से देवाकी बाबा धाम पहुंचा कांवरियों का जत्था



**कांवर लेकर पहुंचे सैकड़ों भक्तों ने देवाकी बाबा धाम में किया जलाभिषेक**

**कांवर यात्रियों का देवाकी बाबाधाम प्रबंधन समिति, दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक व थाना चौक ने किया भव्य स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** लोहरदगा बरवाटोली कांवरिया संघ का जत्था पैदल विशाल कांवर यात्रा कर सोमवार को देवाकी बाबाधाम पहुंचा। इस क्रम में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे करीब 28 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर बोल-बम और हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए साथ में अपने पिट्ठू और कांवर में सुल्तानगंज का गंगाजल भरकर देवाकी बाबाधाम पहुंचे। भक्तों को झुमाते हुए कलाकारों ने खूब रिझाया। भगवान भोले नाथ के गानों के साथ श्रद्धालु लोहरदगा से देवाकी बाबाधाम मंदिर तक नृत्य करते हुए पहुंचे और बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण कर आशीर्वाद लिया।

**देवाकी बाबाधाम प्रबंधन समिति ने किया स्वागत :** देवाकी बाबा धाम प्रबंधन समिति द्वारा लोहरदगा से आए श्रद्धालुओं के जत्था को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इसके बाद समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

**घाघरा दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने की पुष्प वर्षा :** लोहरदगा से चलकर आ रहे कांवरिया जत्था को दुर्गा पूजा समिति थाना चौक और चांदनी चौक के द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही जल से उन्हें फुहारा का स्नान कराया गया।

## बसिया बीडीओ ने विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 के तहत 21 जुलाई से 21 अगस्त तक हाउस टू हाउस सर्वे का काम बीएलओ द्वारा शुरू किया गया है। जिसका निरीक्षण सोमवार को बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। बीडीओ द्वारा बसिया अनुमंडल मुख्यालय के बूथ नंबर 230 का सुपरवाइजर डेजी कुजूर और संबंधित बीएलओ के साथ पन्ना वेरिफिकेशन एवं हाउस टू हाउस कार्य का निरीक्षण एवं घरों का सत्यापन किया। बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी बीएलओ का सहयोग करें और सारी जानकारी उन्हें दें।

## आठ माह बाद भी नाबालिग किशोरी को नहीं ढूंढ़ पायी पुलिस, परिजन परेशान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना अंतर्गत एक गांव निवासी पिता ने आठ माह से लापता नाबालिग बेटी की वापसी नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि मेरी 16 वर्षीय बेटी 25 नवंबर 2022 को सिसई कॉलेज इंटर का फॉर्म भरने जाने की बात कह कर घर से निकली लेकिन वह लौटकर नहीं आयी। इसके बाद हमने काफी खोज की, लेकिन मेरी बेटी का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद हमें ज्ञात हुआ कि ग्राम अल्मोड़ा निवासी सोमरा महली का 22 वर्षीय पुत्र कैलाश महली बराबर मेरी बेटी का पीछा करता था और बहला-फुसलाकर मेरी बेटी को कहीं ले गया। ललित ने बताया मामले को लेकर भरनो थाना में 29 नवंबर 2022 को आवेदन देकर बेटी को खोज कर वापस लाने की गुहार लगाई थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक गुमला को 6 फरवरी 2023 को आवेदन देकर बेटी को वापस लाने के लिए आवेदन सौंपा था। लेकिन मामले को लेकर कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद दोबारा भरनो थाना में जाकर मामले को लेकर पूछताछ की तो पूर्व के थाना प्रभारी त्रिवेणी ओझा कहने लगे कि तुम्हारी बेटी की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है और तुम्हारे ऊपर धारा 107 लगा हुआ है तुम चुपचाप यहां से चले जाओ अन्यथा अंजाम बुरा होगा। जिसके बाद मैं वहां से चला गया और इसकी प्रतिलिपि बाल कल्याण समिति गुमला और आहतु थाना प्रभारी गुमला को भी दी। लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद भी मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र आवेदन के साथ भी संलग्न किया गया था। बेटी के वापस नहीं लौटने से परिजन काफी परेशान हैं। मामले को लेकर परिजन छोटानागपुर कल्याण निकेतन के सदस्य अष्टमी देवी व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के कार्यकर्ता नीलम लकड़ा से मुलाकात की। जिसके बाद मामले को लेकर उपायुक्त गुमला से मिलने जाने की बात कही गयी।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस : बिशुनपुर पुलिस ने परमेश्वर ठाकुर और सुखसागर साहू हत्याकांड का किया खुलासा**

# राइफल-पिस्टल संग दो आरोपी गिरफ्तार

**गिरफ्तार आरोपी लव बड़ाइक गिरोह के सदस्य हैं, पैसे के लेनदेन के विवाद की गयी थी दोनों व्यक्तियों की हत्या : एसडीपीओ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के सखुवा टोली गांव में हुए दो व्यक्ति परमेश्वर ठाकुर एवं सुख सागर साहू की हत्या के दो आरोपी चिरोडीह निवासी सोमनाथ उरांव एवं धनु उरांव को इंसास राइफल एवं पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

इस संबंध में गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने सोमवार को बिशुनपुर थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि गुमला पुलिस के द्वारा लगातार उग्रवादियों एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी निमित्त पुलिस को पता चला कि रविवार को चिरोडीह जंगल में कुछ अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ इकट्ठा हुए हैं। जिसकी सूचना पर पुलिस चिरोडीह जंगल पहुंची, जहां पुलिस को आते देखे अपराधी भागने लगे। जिन्हें पुलिस के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया, जबकि अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। जिसमें दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी लव बड़ाईक भी शामिल है। गिरफ्तार अपराधी अपराधी सोमनाथ उरांव इंसास राइफल पकड़ा हुआ था। जबकि धनु उरांव के कमर से पिस्टल पिस्टल बरामद हुआ। पुलिस के द्वारा दोनों अपराधियों को पकड़ कर पूछताछ की गयी तो उन्होंने बताया कि वे लव बड़ाइक गिरोह के आदमी हैं।

पिछले दिनों इन्हीं अपराधियों के द्वारा भंडरा निवासी परमेश्वर ठाकुर एवं सुख सागर साहू की लाठी-डंडे से पीटने के बाद गोली मारकर हत्या की गई थी। अपराधियों के द्वारा बताया गया कि लव बड़ाइक एवं दोनों मृतक व्यक्तियों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था और इसी उद्देश्य से दोनों व्यक्ति की हत्या की गई है। इधर पुलिस के द्वारा पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी कुंदन कुमार, एसआई प्रवीण कुमार महतो एवं सैट के जवान शामिल थे।

### सीओ का फर्जी हस्ताक्षर कर मुआवजा राशि प्राप्त करने के दो आरोपी गिरफ्तार



**भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो पुलिस ने सीओ का फर्जी हस्ताक्षर कर मुआवजा राशि प्राप्त करने के आरोप में प्रखंड के सतीटोली गांव निवासी गौरी उरांव एवं मंगरा उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विदित हो कि भरनो सीओ संजीव कुमार ने विगत दो माह पूर्व उनका फर्जी हस्ताक्षर का प्रयोग कर मुआवजा प्राप्त करने वालों के विरुद्ध थाने में केस दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गौरी उरांव, मंगरा उरांव एवं अन्य के द्वारा सीओ संजीव कुमार का फर्जी सत्यापन का फर्जी दस्तावेज तैयार किया गया और भूअर्जन कार्यालय से एनएच चौड़ीकरण में भूमि अधिग्रहण का मुआवजा राशि अनुचित तरीके से प्राप्त कर लिया गया था।**

## केओ कॉलेज में इंटर की पढ़ाई जारी रखने के लिए छात्रों ने किया प्रदर्शन

**छात्रों ने कहा- परीक्षा के बाद मुख्य गेट और सड़क को जाम कर आंदोलन कर अपनी बात मनवायी जाएगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय में नामांकन की समस्या को लेकर छात्रों ने पिछले दिनों कॉलेज गेट में तालाबन्दी और बाद में टावर चौक को जाम था, फिर 18 जुलाई को आंदोलन एवं 16 जुलाई को ज्ञापन देकर 22 जुलाई को पुनः आंदोलन की चेतावनी दी थी कि इटंर की पढ़ाई को चालू रखा जाए नहीं तो फिर आंदोलन होगा। अपने निर्णय के अनुसार आज कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में पुनः इंटर की पढ़ाई की मांग को लेकर छात्र कार्तिक उरांव की प्रतिमा के समक्ष इकट्ठा हुए। जहां कॉलेज के पूर्व छात्र नेता देवेन्द्र लाल उरांव ने छात्रों को बताया कि कॉलेज प्रशासन की मनमानी के चलते इंटर की पढ़ाई बन्द हुई। यूजीसी का हवाला देना एक बहाना था और फंड की कमी का होना फंड की बंदरबांट थी। कार्तिक उरांव प्रबंधन कॉलेज को चलाने में सक्षम नहीं है, इसलिए यहां इंटर की पढ़ाई नहीं चल पा रही है।

छात्र नेता अनिल साहू ने कहा कि प्रशासन की निरंकुशता को तोड़ा जाएगा। हमारे गरीब छात्र निजी इंटर कॉलेजों में नहीं पढ़ सकते हैं। छात्र नामांकन के लिए यहां-वहां चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद महाविद्यालय प्रशासन अपने घमंड में चूर है। छात्र नेता रामावतार भगत ने भी छात्रों व प्रशासन को बताया कि हमारा क्षेत्र आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र है इसी महाविद्यालय में उरांव, खड़िया, नागपुरी भाषा की पढ़ाई होती है। इंटर की पढ़ाई नहीं होने से हमारी भाषा संस्कृति पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा।

छात्र नेता सुबोद उरांव ने कहा कि परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कॉलेज में तालाबंदी नहीं की गयी है। परीक्षा के बाद अब मुख्य गेट और सड़क को जाम कर आंदोलन कर अपनी बात मनवाई जाएगी। मौके पर देवेन्द्र उरांव, रामावतार भगत, अनिल साहू, दीपक साहू, रविन्द्र बागी, सुरेन्द्र उरांव, अजित मिंज के साथ कॉलज प्रबंधन डॉ सीमा नंद, डॉ दिलीप प्रसाद और अन्य अधिकारियों से काफी नोंक-झोंक हुई। लेकिन महाविद्यालय प्रशासन अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। कहता है हमको किसी तरह का लेटर नहीं मिला है। डीओ, डीसी और मुख्यमंत्री से लिखाकर लाइए। तब पढ़ाई चालू हो सकती है। साथ ही फंड की व्यवस्था सरकार से चलेगी। मौके पर छात्र नेता रोहित सिंह दिपक साहू, वैद्यनाथ मिश्रा, रोहित यादव, संजय उरांव, प्रकाश प्रसाद, अजय उरांव, पार्थ उरांव, विक्रम सिंह, वैधनाथ सिंह, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कोरकोट पाठ में तीन महीने से लोगों को नहीं मिल रहा है राशन

**शिकायत लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** प्रखंड के कोरकोट पाठ के ग्रामीणों को जन वितरण प्रणाली दुकान के द्वारा पिछले तीन माह से राशन नहीं मिल रहा है। जिस कारण लोगों के समक्ष खाने को लाले पड़ गए हैं।

इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि पिछले मई महीना से ग्रामीणों को जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा ऑनलाइन थंब एंट्री नहीं होने की बात बोलकर राशन नहीं दिया जा रहा है। जिसको लेकर कई बार ग्रामीणों के द्वारा दुकानदार से राशन देने की गुहार लगाई गयी, परंतु अब तक राशन नहीं मिला है। जिसके बाद सोमवार को दर्जनों ग्रामीण प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां पर बीडीओ के नाम पर ज्ञापन बनाया गया था। परंतु बीडीओ से मुलाकात नहीं होने कारण ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड प्रमुख को ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव के द्वारा बताया गया कि वे आज गुमला जाकर उपायुक्त से मिलकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराएंगी। साथ ही लोगों को जल्द राशन मिल सके इसके लिए हरसंभव प्रयास करेंगी।

इस मौके पर एलिजाबेथ चौराठ, सलमइत मुंडा, विमला मुंडाइन, गाहनी आइंद, अगूस्टिन मुंडा सहित अन्य गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

**विवाद : नवडीहा पंचायत की उप मुखिया और पंचायत सचिव के बीच हुई जम कर झड़प, उपमुखिया ने लगाया आरोप**

# जनप्रतिनिधि के साथ पंचायत सचिव करते हैं दुर्व्यवहार

**जनता की समस्या लेकर पहुंचे जनप्रतिनिधि को कई बार लौटा चुके हैं पंचायत सचिव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को नवडीहा पंचायत की उप मुखिया विनीता कुमारी व पंचायत सचिव कलेश्वर साहू के बीच जमकर झड़प हुई। इस झड़प में उप मुखिया का कहना था कि अनावश्यक ही पंचायत सचिव के द्वारा परेशान किया जाता है। जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारे पास गांव के आम ग्रामीण कई तरह की समस्या व आवेदन लेकर आते हैं। उक्त सभी समस्या और आवेदन को मेरे द्वारा पंचायत सचिव तक लाया जाता है तो वे दुर्व्यवहार करते हुए कह देते हैं कि मैं कोई जनप्रतिनिधि को नहीं जानता। आवेदन जिसका है उस आवेदक को हमारे पास भेजिए। इधर उप मुखिया ने पत्रकारों से बताया कि उसी काम को लेकर यदि कोई बिचौलिया पंचायत सचिव से मिले तो पैसा लेकर तुरंत काम कर देते हैं। झड़प में विनीता ने लोगों को बताया कि सोमवार को वह ग्रामीणों के द्वारा दिए गए मृत्यु प्रमाण पत्र व एक जन्म प्रमाण पत्र का आवेदन लेकर जब पंचायत सचिव के पास आयी तो उनके द्वारा कहा गया कि आप से हम आवेदन नहीं ले सकते हैं। आवेदक को भेजिए। जिस पर जम कर बवाल हुआ। विनीता ने यह भी बताया कि पूर्व में भी वह कई बार गांव के वृद्ध महिला-पुरुषों का वृद्धा-विधवा पेंशन बनाने के लिए लेकर आयी थी, लेकिन पंचायत सेवक के द्वारा नियम कानून का हवाला देकर लौटा दिया गया है। वहीं गांव के बिचौलियों के द्वारा उन्हीं लोगों का पेंशन पैसा लेकर कर दिया गया।

### जन्म प्रमाण पत्र में भी की जा रही है उगाही

**प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को हुई झड़प में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर मोटी रकम की उगाही का आरोप उप मुखिया लगाती रहीं। उप मुखिया ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र जिसे नि:शुल्क बनाने का मुहिम सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। बावजूद पैसे की उगाही पंचायत सचिव द्वारा किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।**

**पंचायती राज अधिनियम का हो रहा अपमान :** उप मुखिया खुद पर हो रहे प्रताड़ना को बताते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज अधिनियम के द्वारा दिए गए अधिकार को सरकारी तंत्र में कार्यरत कर्मी के द्वारा कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। यदि हम जनप्रतिनिधियों का कोई काम नहीं है तो जनप्रतिनिधि बनाया ही क्यों जाता है। उप मुखिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत सचिव आवेदक से मिलना इसलिए चाहते हैं ताकि आवेदक से पैसे की उगाही कर पाएं और अपना जेब भर पाएं। पूर्व में पंचायत सचिव कलेश्वर साहू के ऊपर शिवराजपुर पंचायत के मुखिया व जनप्रतिनिधियों ने रिश्वत लेने व जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर सीधे लाभुक से मिलकर पैसा वसूली का आरोप लगाया था। जिसके बाद शिवराजपुर पंचायत से कलेश्वर साहू को हटाकर नौडीहा पंचायत में पंचायत सचिव बनाया गया है। उप मुखिया ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच करते हुए बीडीओ व जिले के वरीय अधिकारियों से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अगर इस तरह के घूसखोर कर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आम ग्रामीण का शोषण होता रहेगा और उन्हें कुचलने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

**पंचायत सचिव ने कहा :** इधर नौडीहा पंचायत के पंचायत सचिव कलेश्वर साहू से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि रिश्वत मांगने का आरोप बिल्कुल गलत है। मेरे द्वारा कहीं भी पैसा नहीं लिया जाता है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## कुरूमगढ़ में थाना दिवस पर ग्रामीणों की समस्याओं का किया गया समाधान




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना परिसर में सोमवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के कई दुरस्त इलाके के लोग शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चैनपुर सीओ गौतम कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की समस्या के समाधान के लिए थाना दिवस का आयोजन किया गया है। जिसमें आप अपनी समस्या को यहां रख सकते हैं। वहीं प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने कहा कि आप सभी लोग थाना दिवस के माध्यम से अपनी समस्या जैसे घरेलू झगड़े, जमीन विवाद इत्यादि मामलों को रख सकते हैं, जिसका यहां त्वरित समाधान किया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने गांव में नशा-पान, अंधविश्वास जैसी कुरीतियों को न पनपने दें। कार्यक्रम के दौरान कई ग्रामीणों ने अपनी समस्या को थाने के समक्ष रखा, जिसमें कई मामलों का आन द स्पॉट निपटारा किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उपप्रमुख प्रमोद खलखो, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा सिन्हा, जेएसएलपीएस की कल्पना खलखो सहित बामदा एवं बरडीह पंचायत के मुखिया एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## रा.उ.उ. विद्यालय में सफल एनसीसी कैडेट्स को सर्टिफिकेट प्रदान कर किया गया सम्मानित




**सिसई (आजाद सिपाही)।** रा.उ.उ. विद्यालय प्रखंड मुख्यालय सिसई में सोमवार को स्कूल के सभी सफल एनसीसी केडेट्स को ए सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रीतम लोहरा, सुदामा गोप, अजय उरांव, अभिषेक चटर्जी, शनी कुमारी, उषा कुमारी, राजा साहू, आशीष साहू समेत चालीस कैडेट्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीटीओ जयन्त कुमार पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय से पहली बार एनसीसी के 29 जनवरी 2023 को गुमला में जिला स्तरीय परीक्षा में 42 कैडेट्स सम्मिलित हुए थे। स्कूल के पहले बैच के सभी 42 केडेट्स ने ए ग्रेड से परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो विद्यालय के लिए गौरव व सम्मान का विषय है। वहीं शत प्रतिशत उत्कृष्ट श्रेणी के परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर एचएम बिमला बड़ाईक सहित अन्य शिक्षकों ने सभी कैडेट्स व सीटीओ जयन्त कुमार पाण्डेय को बधाई दी। इस मौके पर शिक्षिका सरोज कुमारी, वर्षा रानी, प्रभा एक्का, संजय मिंज, संदीप तिर्की, एंजेला लकड़ा, सुरेश्वर असुर, एनसीसी कैडेट्स नवीन कुमार, आदित्य कुमार साहू, कौशल कुमार, पूजा कुमारी, सिलमंती कुमारी समेत विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## चेक डैम में डूबने से बच्ची की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रामडीह गांव निवासी स्व. संजय टोपनो की साढ़े तीन वर्षीय पुत्री इशिका टोपनो की चेक डैम में डूबने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार दोपहर की है। इशिका अपनी मां के साथ खेत में गई थी, जहां उसकी मां खेत मे रोपनी का काम करने लगी और इशिका बच्चों के साथ खेतों में खेलने लगी। तभी सभी बच्चे मिलकर खेत के बगल में स्थित चेक डैम में नहाने चले गए, जहां इशिका खेलते खेलते गहरे पानी में चली गई और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के लगभग दो घंटे बाद इशिका की मां अपना काम खत्म कर बच्ची को ढूंढने लगी, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थक- हार कर जब चेक डैम में देखा गया तो इशिका की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। जिसके बाद घटना की जानकारी बसिया पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बसिया पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बच्ची के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना क्षेत्र जगजोर गांव में खेत जोतने के क्रम में ट्रैक्टर पलटने से चालक ननकू सिंह की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसिया थाना के तुरीबीरा निवासी राजेन्द्र ओहदार के ट्रैक्टर से तीन दिन से खेत जोतने का काम कर रहा था। रविवार की शाम पांच बजे के करीब एक खेत जोतकर दूसरे खेत में जाने के क्रम में आर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ननकू सिंह की ट्रैक्टर में दबकर मौत हो गयी। वहीं घटना की सूचना पर बसिया पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक ननकू सिंह खूंटी जिला अंतर्गत मरचा स्थित रेगरे गांव का रहने वाला था और पिछले दस वर्षों से बसिया में ड्राईवर का काम करता था। ननकू सिंह की पत्नी, दो लड़की और एक लड़का हैं, जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

## विद्युत बिल जमा करने के लिए बसिया प्रखंड के विभिन्न स्थानों में लगाया जा रहा शिविर

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कामडारा के द्वारा राजस्व संग्रह हेतु विद्युत बिल जमा करने के लिए बसिया प्रखंड के विभिन्न स्थानों में शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें दिनांक 24 जुलाई सोमवार को ग्राम लोंगा, 25 जुलाई मंगलवार को कोनबीर, 26 जुलाई बुधवार को कुम्हारी, 27 जुलाई गुरुवार को रामजड़ी, 28 जुलाई शुक्रवार को कलिगा, 29 जुलाई शनिवार को बसिया और 31 जुलाई सोमवार को कामडारा प्रखंड के कुरकुरा में विद्युत बिल भुगतान शिविर लगाया जाएगा।

## जिप सदस्य ने विनय लाल को पद्मश्री सम्मान के लिए उपायुक्त और सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ने अति विशिष्ट समाजसेवी विनय कुमार लाल को पद्मश्री सम्मान देने के लिए गुमला उपायुक्त और लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि विनय कुमार लाल गुमला जिले के एक प्रसिद्ध समाजसेवी हैं। उन्होंने अपनी समझदारी, समर्पण, और निष्ठा से अनेक समाज सेवा कार्यों को सफलतापूर्वक संचालित किए हैं। उनके समाज के लिए समर्पित कार्यों में उनका बढ़ता हुआ योगदान गुमला जिले में पसंद किया जाता है और वे जमीनी स्तर पर भी जनप्रिय हैं। उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़कर आदिवासी समाज उत्थान एवं आदिवासी समाज में राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने में अपना अद्भुत योगदान दिया है। यह किसी से छिपा नहीं है। अपनी सहमति देते हुए विनय कुमार लाल को पद्मश्री सम्मान देने के लिए अग्रसारित किया जाए। विनय लाल की समाज सेवा के लिए उन्हें उचित सम्मान देने की जरूरत है।

